केन-बेतवा लिंक परियोजना का रास्ता साफ, नवंबर में मोदी करेंगे शिलान्यास

दैनिक भास्कर, भोपाल, दिनांक : 08.09.2021

देश के पहले नदी जोड़ों अभियान वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना का 19 साल बाद पाइपलाइन से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय जल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले बुंदेलखंड के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट का काम जल्द शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नवंबर में कराया जाएगा। इससे मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश दोनों राज्यों को फायदा मिलेगा। प्रोजेक्ट को रफतार देने के लिए केंद्र की निगरानी में कैबिनेट की बैठक में अगले महीने अथॉरिटी का गठन किया जाएगा। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से जुड़ी मेगा परियोजना के लिए एमओयू के बाद केंद्र सरकार ने प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने पर फोकस कर दिया है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने बताया प्रदेश की सबसे बड़ी केन-बेतवा परियोजना के लिए केंद्र सरकार से अच्छे संकेत मिले है। पीएम मोदी नवंबर में प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। तारीख जल्द तय होगी। प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार 90 प्रतिशत और बाकी 10 प्रतिशत राशि दोनों राज्य खर्च करेंगे।

केन-बेतवा परियोजना क्या है

प्रोजेक्ट में 221 किमी लंबी नहर बनेगी। इसमें 77 मीटर उंचा और 2031 मी लंबा बांध छतरपुर के दौधन गांव में केन नदी पर बनेगा। नहर से बेतवा के बेसिन में पानी छोड़ा जाएगा। मप्र के बुंदेलखंड क्षेत्र के 9 जिलों के गांवों को सिंचाई का पानी और बिजली मिलेगी।